web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 18 दिसम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-02, अंक- 80

## लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवाणे होंगे अगले सेना प्रमुख

### » बिपिन रावत की लेंगे जगह



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल मनोज मुकुंद नरवाने अगले सेना प्रमुख होंगे। सरकार ने उन्हें थल सेना अध्यक्ष के पद पर नियुक्त करने का फैसला लिया है। वह मौजूदा थल सेना प्रमुख बिपिन रावत के जाने के बाद पदभार संभालेंगे। सेना प्रमुख रावत 31 दिसबंर को सेवानिवृत हो रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल नरवाने को सेना में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए परमविशिष्ट सेवा मेडल, अतिविशिष्ट सेवा मेडल, सेवा मेडल और विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किया जा चुका है।

सेवानिवृत हो रहे जनरल बिपिन रावत भी उत्तम सेवा मेडल,अतिविशिष्ट सेवा मेडल, युद्ध सेवा मेडल, सेवा मेडल,विशिष्ट सेवा मेडल से सम्मानित किए जा चुके हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल नरवाने ने अपनी स्कूली शिक्षा पुणे के दनयाना प्रबोधिनी प्रशाला से प्राप्त की। वह राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और भारतीय सेना अकादमी के पूर्व छात्र भी रह चुके हैं। उन्हें जून 1980 में सिख लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट की सातवीं बटालियन में कमिशन्ड किया गया था। उन्होंने डिफेंस स्टडीज में स्नातकोत्तर डिग्री तथा रक्षा और प्रबंधन विषय में एम फिल की डिग्री हासिल की है और इस समय डाक्टरेट की पढ़ाई कर रहे हैं। वह वर्तमान में सेना के पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ पद पर कार्यरत हैं।

अपनी करीब चार दशक की सैन्य सेवा के दौरान जनरल नरवाने ने देश के पूर्वोत्तर हिस्से तथा जम्मू -कश्मीर में शांति और युद्ध दोनों काल में कई महत्वपूर्ण अभियानों का नेतृत्व किया है। इसके अलावा वह श्रीलंका में 'ऑपरेशन पवन ' के दौरान भारतीय शांति सेना के सदस्य के रूप में भी काम कर चुके हैं।

जनरल नरवाने के पास बेहद चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में काम करने का खासा अनुभव है। वह राष्ट्रीय राइफल्स के सिख लाइट इन्फेंट्री की दूसरी बटालियन,नगालैंड में कोहिमा में असम राइफल्स की 106 वी इन्फेंट्री बिग्रेड और दूसरी कोर का भी नेतृत्व कर चुके हैं। इसके अलावा वे एक इन्फेंट्री बिग्रेड के मेजर, हेडक्वाटर स्टेबलिशमेंट नंबर 22 में असिसेटेंट एडजुडेंट एंड क्वाटरमास्टर जनरल, यांगून में रक्षा अताचे तथा आर्मी वॉर कॉलेज में प्रशिक्षण अधिकारी के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। उन्हें दिल्ली स्थित रक्षा मंत्रालय मुख्यालय में भी काफी समय तक काम करने का अनुभव है।

जनरल नरवाने को दिल्ली के जनरल ऑफिसर इन कमांडिंग के रूप में 2017 में राजधानी में गणतंत्र दिवस परेड का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त हो चुका है। शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान का सफल नेतृत्व करने के बाद उन्होंने 1 अक्टूबर 2018 को सेना की पूर्वी कमान के जनरल ऑफिसर इन कमांडिंग इन चीफ का पद भार संभाला। वह वर्तमान में इसी पद पर कार्यरत हैं।

## गोलीबारी में मार गिराए 2 पाक सैनिक और 3 घुसपैठिये

### » पाक को भारत का मुंहतोड़ जवाब



**श्रीनगर (आरएनएस)।** जम्मू-कश्मीर में मानवाधिकार की दुहाई देने वाला पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाकिस्तान सीमा पर रह-रहकर संघर्ष विराम का उल्लंघन कर रहा है।

ताजा मामला जम्मू और कश्मीर में सीमा से सटे तीन इलाकों का है। पाक सेना यहां अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। वहीं, भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देते हुए उसके दो सैनिकों और तीन घुसपैठियों को मार गिराया। जबकि चार सैनिक घायल बताए जा रहे हैं।

पाकिस्तानी सेना ने सोमवार रात जम्मू और कश्मीर में सीमा से सटे तीन इलाकों में गोलीबारी की। पाकिस्तानी की गोलीबारी के जवाब में भारतीय सेना ने पाक के दो सैनिकों और तीन घुसपैठियों को मार गिराया। जबकि चार अन्य सैनिक घायल बताए जा रहे हैं। इसके साथ ही सीमा से लगे पाकिस्तान की सैन्य चौकियों को भी बहुत नुकसान पहुंचा है।

जम्मू-कश्मीर के पुंछ में पूरी रात पाकिस्तान की ओर से फायरिंग की गई। इसके साथ ही जिला राजौरी के केरी सेक्टर स्थित सुंदरबनी और नौशेरा में पाकिस्तानी सेना ने फायरिंग की। इस फायरिंग में भारतीय सेना के दो जवान शहीद हो गए। एक जवान की पहचान हवलदार सीजे गणपति शहीद के तौर पर हुई है।

समाचार लिखे जाने तक राजौरी और पुंछ में फिलहाल फायरिंग बंद है, लेकिन सेना ने एलओसी पर बड़े पैमाने पर सर्च ऑपरेशन किया।

## जामिया हिंसा में 10 गिरफ्तार, इनमें से कोई छात्र नहीं



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ देश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन जारी है। हालांकि असम में जारी हिंसा और तनावपूर्ण हालात के सामान्य होने का दावा करते हुए राज्य सरकार ने कर्फ्यू को हटाने का फैसला किया है। वहीं, पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में शाम 5 बजे तक इंटरनेट सेवाएं सस्पेंड रहेंगी।

इस बीच जामिया विश्वविद्यालय और जामिया नगर में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ रविवार को हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुए संघर्ष मामले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस ने बताया है कि 15 दिसंबर को हुई घटना के सिलसिले में जिन दस लोगों को गिरफ्तार किया गया है वह सभी आपराधिक पृष्ठभूमि वाले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में कोई भी छात्र नहीं है।

वहीं दिल्ली पुलिस ने सोमवार को दिए बयान में कहा था कि यह घटना एक सोची-समझी रणनीति के तहत दिल्ली पुलिस प्रवक्ता ने बेहद सधी हुई बात की। दिल्ली पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस-वार्ता में इस बात का भी खुलासा हुआ कि इस कांड की जांच दक्षिण-पूवी 'जिला पुलिस से छीनकर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के हवाले कर दी गई है।

रविवार को जामिया नगर और न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी इलाके में हुए बवाल में डीसीपी सहित कई पुलिसकमी 'जख्मी हुए थे। दो एसएचओ को फ्रैक्चर हो गया। एक पुलिसकमी 'अभी तक आईसीयू में जिंदगी मौत के बीच झूल रहा है।

## दोषी कुलदीप सेंगर को कोर्ट 20 दिसंबर को सुनाएगा सजा

### » उन्नाव रेप काण्ड



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** उन्नाव रेप कांड में दोषी करार दिए गए विधायक कुलदीप सिंह सेंगर को 20 दिसंबर को सजा सुनाई जाएगी. दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट में मंगलवार सुबह सेंगर की सजा पर सुनवाई हुई. इस दौरान सीबीआई ने दोषी कुलदीप सेंगर को आजीवन कारावास देने की मांग की. सीबीआई ने इस दौरान कहा कि यह मामला केवल रेप का नहीं है, इसमें बड़ी बात मानसिक उत्पीड़न की है. कोर्ट ने सीबीआई से पूछा कि इस तरह के मामलों में अभी तक कितना कंपनसेशन (मुआवजा) दिया गया है. इस दौरान सीबीआई ने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन देखेंगे कि ऐसे पीड़ितों को कितना मुआवजा मिलता है.

सेंगर के वकील ने कोर्ट में कहा कि उनकी उम्र 54 साल है और उनका पूरा करियर देखा जाए तो वर्ष 1988 से अभी तक वो पब्लिक डीलिंग करते रहे हैं. 1995 से 2000 तक ब्लॉक लेवल पर सदस्य रहे. हमेशा लोगों की सेवा की है. वर्ष 2002 से लगातार वो जनता की मांग पर चुनाव लड़े और विधायक बने. वकील ने यह भी कहा कि उन्होंने अपने इलाके में कई इंस्टीट्यूट बनवाए. विकास कार्य किए. साथ ही कहा कि सेंगर पर जनता ने कभी कोई आरोप नहीं लगाया. यह पहला मामला है. उनकी दो बेटियां भी हैं जो शादी के लायक हैं ऐसे में उनको कम से कम सजा दी जानी चाहिए.

इससे पहले सोमवार को कोर्ट ने अपने दिए फैसला में सेंगर को दोषी करार दिया था. जबकि इस मामले में एक अन्य आरोपी शशि सिंह को कोर्ट ने बरी कर दिया है. शशि सिंह पर आरोप था कि वो नौकरी दिलाने के बहाने पीड़िता को कुलदीप सिंह सेंगर के पास लेकर गई थी, जिसके बाद उसने पीड़िता से रेप किया था.

बता दें कि कुलदीप सेंगर पर अभी तीन और मामले दिल्ली की विशेष सीबीआई कोर्ट में चल रहे हैं. अभी सेंगर को रेप के मामले में दोषी करार दिया गया है. सेंगर को 14 अप्रैल, 2018 को गिरफ्तार किया गया था. कोर्ट ने शशि सिंह की मामले में भूमिका को संदेह के घेरे में रखा.

## आठ राज्यों में हिन्दुओं को अल्पसंख्यक लाभ देने की मांग करने वाली याचिका सुप्रीम कोर्ट में खारिज



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वह याचिका खारिज कर दी जिसमें कहा गया था कि हिन्दुओं को उनकी आबादी के आधार पर देश के 8 राज्यों में अल्पसंख्यकों के लाभ मिले. चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया एसए बोबड़े की अगुवाई वाली पीठ ने भारतीय जनता पार्टी के नेता और सुप्रीम कोर्ट के वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका खारिज कर दी.

याचिका में मांग की गई थी कि पांच समुदायों- मुसलमानों, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को अल्पसंख्यकों का दर्जा देने वाली केंद्र सरकार की 26 साल पुरानी अधिसूचना की वैधता खारिज कर दिया जाय.

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया जस्टिस एस ए बोबडे की अगुवाई वाली पीठ ने भाजपा नेता एवं अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया. इस याचिका में किसी समुदाय की राज्यवार आबादी के आधार पर अल्पसंख्यक का दर्जा देने के संबंध में दिशा-निर्देश देने का अनुरोध किया गया था.

अदालत ने कहा कि पहले के फैसलों में अल्पसंख्यक को भाषाई अल्पसंख्यक के रूप में परिभाषित किया गया है न कि राज्य-वार. राज्यों का गठन भाषाओं के आधार पर किया गया था. धर्म के साथ ऐसा नहीं है. धर्म का पूरे भारत में परिदृश्य है. यह निर्णय भौगोलिक सीमाओं के अनुसार नहीं किया गया है.

केंद्र सरकार की ओर से पेश हुएअटॉर्नी जनरल केके वेणुगोपाल ने पिछले संविधान पीठ के फैसलों का हवाला दिया जिसमें भाषाई अल्पसंख्यक के बारे में बात की गई थी. उन्होंने याचिका का समर्थन नहीं किया. जस्टिस बोबडे ने याचिका को खारिज करते हुए कहा कौन नहीं जानता कि कौन हिंदू है या मुसलमान या पारसी? दिशानिर्देशों की क्या आवश्यकता है? दिशा-निर्देश कैसे हो सकते हैं? मुझे नहीं लगता कि हमें इस पर विचार करना चाहिए.

## उद्योग को आयातित वस्तुओं पर निर्भरता घटानी चाहिए:गोयल

### » -निर्यात शिखर सम्मेलन 2019 उद्घाटित



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** केन्द्रीय वाणिज्य, उद्योग और रेल मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारत उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय उद्योग को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं का लाभ उठाने के लिए समर्थ और सशक्त होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार और उद्योग के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि उद्योग को अधिक प्रतिस्पर्धी और अधिक सक्रिय बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। सरकार निर्यात वित्त, निर्यात योजना और उत्पादकता के लिए अधिक पूर्वानुमान लाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे हर दूतावास में भारतीय राज्यों का एक प्रतिनिधि होना चाहिए ताकि विदेशी निवेशकों के लिए राज्य स्तर की नीतियों को समझने में मदद मिले।

वाणिज्य उद्योग मंत्री ने कहा कि 'निर्विक' योजना को निर्यात क्रेडिट बीमा योजना (ईसीआईएस) के नाम से भी जाना जाता है। सरकार की इस पहल का उद्देश्य उद्योग के सामने आ रही निर्यात वित्त पोषण की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने बताया कि सरकार भारतीय निर्यात के लिए बाजार सुरक्षित करने हेतु यूरोपीय संघ, अमेरिका और इग्लैंड के साथ संबंधों को आगे बढ़ा रही है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### लोकल ट्रेन से गिरकर युवती की मौत

**मुंबई (आरएनएस)।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई की लाइफलाइन कही जाने वाली लोकल ट्रेन से गिर कर 22 वर्षीय युवती की मौत हो गई है. सोमवार सुबह हुई इस दुर्घटना से यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया. जानकारी के मुताबिक मुंबई से सटे डोंबिवली में चलती लोकल ट्रेन से युवती गिर गई जिससे उसकी जान चली गई. हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया. युवती की पहचान चार्मी प्रसाद के रूप में हुई है. पुलिस के मुताबिक, युवती कल्याण से छत्रपति शिवाजी टर्मिनल (सीएसटी) जाने के लिए यात्रा कर रही थी. पीक आवर होने की वजह से लोकल ट्रेन में जबरदस्त भीड़ थी, जिसके चलते वो डिब्बे के अंदर नहीं पहुंच पाई और नीचे गिर गई. हादसे की शिकार युवती पहले दोपहर की शिफ्ट में दफ्तर जाती थी, लेकिन सोमवार से उसकी सुबह की शिफ्ट (मॉर्निंग शिफ्ट) हो गई थी.चार्मी घाटकोपर में जॉब करती थी. रेलवे को कई बार पत्र लिखा ट्रेनें बढ़ाने और महिला स्पेशल ट्रेनें ज्यादा चलाने के लिए, लेकिन इस संबंध में कोई कदम नहीं उठाया गया. बता दें कि बीते तीन जुलाई को भी मुंबई लोकल ट्रेन में भारी भीड़ के चलते मुंब्रा और कलवा स्टेशन के बीच एक महिला समेत तीन यात्री चलती ट्रेन से गिर गए थे. इस दुर्घटना में तीनों यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए थे. घायलों को इलाज के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में भर्ती कराया गया था.

### वर्ष 2022 तक ब्रॉडबैंड सेवा से जुड़ेंगे देश के सभी गांव:रविशंकर

#### »-राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन लॉन्च

नईदिल्ली,17 दिसंबर (आरएनएस)। केन्द्रीय संचार, कानून एवं न्याय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचन प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने मंगलवार को राष्ट्रीय मीडिया केन्द्र, नई दिल्ली में राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन (एनबीएम) का शुभारंभ किया। इस मिशन का शुभारंभ संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री, संजय शामराव धोत्रे तथा दूरसंचार सचिव अंशु प्रकाश की उपस्थिति में किया गया। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों व राज्य सरकारों के अधिकारियों तथा दूरसंचार विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों एवं दूरसंचार उद्योग के अनेक प्रतिनिधियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। राष्ट्रीय ब्रॉडबैंड मिशन का विजन डिजिटल संचार ढांचे का त्वरित विकास, डिजिटल अंतर को समाप्त करना, डिजिटल सशक्तिकरण तथा समावेश पर आधारित है। मिशन का उद्देश्य तथा सभी नागरिकों के लिए किफायती और सार्वभौमिक ब्रॉडबैंड सेवा प्रदान करना है।

### सेना प्रमुख रावत ने की असम के छात्रों के साथ बातचीत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** असम के पश्चिम कार्बी आंगलोंग जिले के 25 छात्रों तथा 3 शिक्षकों के लिए रेड हॉर्न्स डिवीजन के चिनडिट्स ब्रिगेड ने राष्ट्रीय एकता पर्यटन का आयोजन किया। यह यात्रा 9 दिसम्बर को शुरू हुई और बच्चों ने दिल्ली आने के पहले देहरादून और अमृतसर का भ्रमण किया। छात्र 17 दिसम्बर को सेना प्रमुख बिपिन रावत से मिलने गए। सेना प्रमुख ने पूर्वोत्तर क्षेत्र के अपने अनुभवों को छात्रों के साथ साझा किया। उन्होंने छात्रों को कठिन परिश्रम करने तथा राष्ट्र निर्माण प्रक्रिया में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। रावत ने बच्चों को भारतीय सशस्त्र बलों में शामिल होने की प्रेरणा दी। उन्होंने छात्रों से अपने क्षेत्र में सक्रिय स्वार्थी ताकतों के जाल से बचने की सलाह दी। छात्रों ने भी राज्य के बाहर अपनी पहली यात्रा के अनुभवों को साझा किया। छात्र सोमवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से भी मिले। यह यात्रा छात्रों को देश के रीति-रिवाजों को समझने तथा विभिन्न क्षेत्रों में देश की प्रगति को जानने का अवसर प्रदान करती है। छात्रों को शहरी जीवन के बारे में भी जानने का मौका मिला। शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों से भी छात्र अवगत हुए। यह यात्रा छात्रों में राष्ट्रीय एकता की भावना को बढाएगी और उनके सोचने-समझने की शक्ति का विस्तार करेगी।

## देश में राष्ट्रीय पहुंच कार्यक्रम जीईएम संवाद शुरु

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** वाणिज्य उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के वाणिज्य विभाग में सचिव और जीईएम के चेयरमैन अनूप वधावन ने मंगलवार को नई दिल्ली में जीईएम संवाद का शुभारंभ किया। इस पहुंच कार्यक्रम में पूरे देश के हितधारकों और खुदरा विक्रेता शामिल होंगे। इससे खरीदारों की विशेष जरूरतों को पूरा करते हुए बाजार में स्थानीय विक्रेताओं को ऑन-बोर्डिंग सुविधा उपलब्ध होगी। यह पहुंच कार्यक्रम 19 दिसम्बर से 17 फरवरी, 2020 तक चलेगा और इसमें देश के सभी राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश शामिल होंगे।

जीईएम में 15 लाख से अधिक उत्पाद, लगभग 20,000 सेवाएं, 3 लाख से अधिक पंजीकृत विक्रेता और सेवाप्रदाता तथा 40,000 से अधिक सरकारी खरीदार संगठन शामिल हैं। अपनी तीन वर्ष की छोटी यात्रा में ही जीईएम ने सकल मर्केंडाइज मूल्य में 40,000 करोड़ रुपये मूल्य के 28 लाख से अधिक आदेशों का निपटान किया है। इनमें से 50 प्रतिशत आदेशों का एमएसएमई द्वारा लेन-देन किया गया।

राज्य सरकारें, संगठन तथा सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम अपनी खरीदारी जरूरतों के लिए जीईएम का उपयोग कर रहे हैं। राज्य के विक्रेता पोर्टल का उपयोग करते हुए राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद बाजार तक पहुंच के माध्यम से लाभान्वित हो रहे हैं। जीईएम संवाद के माध्यम से बाजार उपयोगकर्ताओं से प्रतिक्रिया प्राप्त करने के लिए उत्सुक है जिनका इस प्रणाली का सुधार और विकास करने में उपयोग किया जाएगा।

## 26 दिसम्बर को वलयाकार सूर्य ग्रहण



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** आगामी 26 दिसम्बर को सूर्य का वलयाकार ग्रहण घटित होगा । भारत में वलयाकार प्रावस्था प्रातः सूर्योदय के पश्चात देश के दक्षिणी भाग में कुछ स्थानों (कर्नाटक, केरल एवं तमिलनाडु के हिस्सों) के संकीर्ण गलियारे में दिखाई देगी तथा देश के अन्य हिस्सों में यह आंशिक सूर्य ग्रहण के रूप में दिखाई देगा । ग्रहण की वलयाकार प्रावस्था का संकीर्ण गलियारा देश के दक्षिणी हिस्से में कुछ स्थानों यथा कन्नानोर, कोयम्बटूर, कोझीकोड़, मदुराई, मंगलोर, ऊटी, तिरुचिरापल्ली इत्यादि से होकर गुजरेगा । भारत में वलयाकार ग्रहण की अधिकतम प्रावस्था के समय चंद्रमा सूर्य को लगभग 93 प्रतिशत आच्छादित कर देगा । वलयाकार पथ से देश के उत्तर एवं दक्षिण की ओर बढ़ने पर आंशिक सूर्य ग्रहण की अवधि घटती जाएगी । आंशिक ग्रहण की अधिकतम प्रावस्था के समय चंद्रमा द्वारा सूर्य का आच्छादन बंगलोर में लगभग 90 प्रतिशत, चेन्नई में 85 प्रतिशत, मुम्बई में 79 प्रतिशत, कोलकाता में 45 प्रतिशत, दिल्ली में 45 प्रतिशत, पटना में 42 प्रतिशत, गुवाहाटी में 33 प्रतिशत, पोर्ट ब्लेयर में 70 प्रतिशत, सिलचर में 35 प्रतिशत इत्यादि होगा ।

यदि पृथ्वी को सम्पूर्ण माना जाए तो ग्रहण की आंशिक प्रावस्था भारतीय मानक समय अनुसार प्रातः 8.00 बजे आरम्भ होगी । ग्रहण की वलयाकार अवस्था भा.मा.स. अनुसार प्रातः 9 बजकर 06 मिनट पर शुरू होगी । सूर्य ग्रहण की वलयाकार अवस्था भा.मा.स. अनुसार 12 बजकर 29 मिनट पर समाप्त होगी । ग्रहण की आंशिक प्रावस्था भा.मा.स. अनुसार 13 घं. 36 मि. पर समाप्त होगी ।

सूर्य का वलयाकार ग्रहण भूमध्य रेखा के निकट उत्तरी गोलार्ध में एक संकीर्ण गलियारे में दिखाई देगा । वलयाकार पथ साउदी अरब, कतर, ओमान, संयुक्त अरब अमीरात, भारत, श्रीलंका के उत्तरी भाग, मलेशिया, सिंगापुर, सुमात्रा एवं बोर्निओ से होकर गुजरेगा ।